आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त
नये जमाने के साथ
# यश भारत
जबलपुर का नम्बर 1 अखबार यश भारत 16 वें वर्ष में प्रवेश
• वर्ष- 16 अंक 118 • कटनी • मंगलवार, 31 मई, 2022 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष-प्रतिपदा • विक्रम संवत् 2079 शके 1935

24 घंटे देखे यश भारत डिजिटल न्यूज़ चैनल
DIGIANA NEWS 91
hathway 598
UCN NEWS 81



## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा कल से दो दिन मप्र के प्रवास पर

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा जी 1 जून से दो दिवसीय मध्यप्रदेश प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे 1 जून को भोपाल एवं 2 जून को जबलपुर में आयोजित संगठनात्मक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। 1 जून को भोपाल पहुंचने पर कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत होगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 1 जून को प्रातः 10 बजे विमानतल पहुंचेंगे। प्रातः 10.30 बजे स्टेट हैंगर पर प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान एवं प्रदेश व जिले के पदाधिकारी अगवानी करेंगे। यहां पर बडी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत करेंगे। जिसके पश्चात यहां से प्रातः 11.30 बजे ईदगाह हिल्स स्थित गुरूद्वारा नानक टेकरी पहुंचकर दर्शन कर मत्था टेकेंगे। यहां से दोपहर 12 बजे शहीद स्मारक पहुंचकर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। दोपहर 12.15 बजे सात नं. स्थित नेताजी सुभाष प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भाजपा प्रदेश कार्यालय पं. दीनदयाल परिसर पहुंचेंगे। दोपहर 1 बजे राष्ट्रीय अध्यक्ष जी पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे। दोपहर 1.45 बजे मध्यप्रदेश सरकार के मंत्रीमंडल की परिचय बैठक में शामिल होंगे। दोपहर 2.30 बजे मुख्यमंत्री निवास पहुंचेंगे। यहां से दोपहर 3.25 बजे मोतीलाल नेहरू स्टेडियम पहुंचकर वृहद प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में भाग लेंगे। वृहद बैठक के पश्चात राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा जी शाम 5 बजे राजाभोज विमानतल पहुंचकर जबलपुर रवाना होंगे।

### जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण

# जबलपुर ST, कटनी SC

## इंदौर-ग्वालियर में SC महिला, OBC के लिए सिर्फ 4 सीटें रिजर्व

**भोपाल ,यशभारत। मध्यप्रदेश के 300 से ज्यादा नगरीय निकाय और 52 जिला पंचायत अध्यक्ष पदों के लिए रिजर्वेशन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। 52 जिला पंचायतों में से अनुसूचित जाति के लिए 8, अनुसूचित जनजाति के लिए 14, ओबीसी के लिए 4 सीटें आरक्षित हैं। 26 जिला पंचायतें अनारक्षित हैं।**

ओबीसी के लिए सिर्फ 4 सीटें आरक्षित की गई हैं। यह 7.69 प्रतिशत है। यह पिछली बार से आधी ही हैं। आठ जिला पंचायतें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित की गई हैं। इनमें इंदौर, ग्वालियर, खंडवा, छिंदवाड़ा, सिवनी, कटनी, रतलाम और देवास शामिल हैं। इंदौर, ग्वालियर, रतलाम और देवास SC महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। जबलपुर सीट जो पहले अनारक्षित (महिला) के लिए थी तो अब ST हो गई है। रिजर्वेशन प्रोसेस जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान वाल्मी के




ऑडिटोरियम (कलियासोत के पास) में चल रही है। रिजर्वेशन पर गांव से लेकर शहर तक राजनीति करने वाले उन नेताओं की नजर है, जो अध्यक्ष की कुर्सी पर काबिज होना चाहते हैं। रिजर्वेशन प्रोसेस शाम तक चलेगी। नगरीय निकाय के अध्यक्षों के रिजर्वेशन प्रोसेस में देरी हो सकती है, क्योंकि 300 से ज्यादा निकायों के लिए यह कार्रवाई होगी। ऐसे में समय लग सकता है। हालांकि, इनकी प्रारंभिक तस्वीर पहले ही तय हो चुकी है।

### दोपहर 3 बजे रविंद्र भवन में निकाय अध्यक्षों के लिए रिजर्वेशन

*प्रदेश के नगरीय निकायों के चुनावों के लिए नगर पालिका और नगर परिषद के अध्यक्ष पद का रिजर्वेशन भी 31 मई को होगा। दोपहर 3 बजे रविंद्र भवन के ऑडिटोरियम में आरक्षण की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान प्रदेश के 16 नगर निगमों के महापौर पद के लिए नया आरक्षण नहीं होगा। महापौर के लिए दिसंबर 2020 में कराई गई आरक्षण प्रक्रिया ही मान्य होगी। विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी एवं कमिश्नर नगरीय प्रशासन व विकास निकुंज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि नगर पालिका परिषद और नगर परिषदों के आगामी सामान्य निर्वाचन के लिए मध्यप्रदेश नगरपालिका (महापौर तथा अध्यक्ष पद का आरक्षण) नियम 1999 के अंतर्गत अध्यक्ष पदों के संशोधित आरक्षण की कार्रवाई की जाएगी।प्रदेश के 317 नगरीय निकायों में चुनाव होना हैं, जिनमें 16 नगर निगम भी शामिल हैं। महापौर पद के लिए आरक्षण नहीं होगा।प्रदेश में 16 नगर निगम, 99 नगर पालिका और 298 नगर परिषद हैं।*



## पीएम मोदी ने किसान सम्मान योजना के 21000 करोड़ खातों में किए ट्रांसफर

**शिमला,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिमला में रिज मैदान से बटन दबाकर किसान सम्मान योजना के तहत 21000 करोड़ रुपए किसानों के बैंक खातों में ट्रांसफर किए। इससे 10 करोड़ किसान लाभान्वति होंगे। इस योजना के तहत 11 किश्तों में 2 लाख करोड़ से अधिक की राशि किसानों के खाते में पहुंच गई है। इससे पहले उन्होंने विभिन्न योजना लाभार्थियों से बात कर रहे हैं।पीएम मोदी मंच से ही वर्चुअल बात की।पीएमने कार्यक्रम में ही मौजूद हिमाचल के सिरमौर जिले की समा देवी से भी बात की। समा देवी ने कहा कि पहले मुझे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान मिला। इससे कच्चे मकान को पक्का बनाया। सरकार से डेढ़ लाख रुपए की राशि मिली। समा देवी ने कहा कि वह खेतीबाड़ी भी करती है। उन्होंने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि के तौर पर भी हर साल 6000 रुपए मिलते हैं। पीएम ने केंद्र सरकार की योजना के लाभार्थी अरविंद से बात की। अरविंद ने कहा कि उन्होंने मुद्रा लोन के तहत ऋण लेकर अपना व्यवसाय शुरू किया है। प्रधानमंत्री ने अरविंद से कहा कि आप अब रोजगार खोजने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले बन गए हैं। यह बहुत अच्छी बात है।पीएम ने त्रिपुरा के पंकज साहनी से बात की। पंकज ने बताया कि नल, नल में पानी और बिजली का लाभ उन्हें मिला है।उन्होंने कर्नाटक की संतोषी से बात की। प्रधानमंत्री ने संतोषी से पूछा कि आपको सरकार किस योजना से संतोष हुआ। संतोषी के जवाब पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यदि वह कर्नाटक में होते और भाजपा के कार्यकर्ता होते तो वह आपसे चुनाव लड़वा देते।



## राज्यसभा प्रत्याशी सुमित्रा बाल्मीकी व कविता पाटीदार आज भरेंगी नामांकन

**भोपाल, यशभारत।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष सुमित्रा बाल्मीकी एमपी से राज्य सभा की दूसरी प्रत्याशी बनाई गई हैं। बीजेपी दोनों ही सीटें महिलाओं के खाते में दी है। एक दिन पहले जहां ओबीसी से आने वाली कविता पाटीदार को प्रत्याशी बनाया था। वहीं सोमवार देर रात एससी वर्ग से आने वाली सुमित्रा बाल्मीकी को प्रत्याशी बनाकर एक तीर से पार्टी ने कई निशाने साधे हैं। भोपाल में सुमित्रा बाल्मीक और कविता पाटीदार का आज नामांकन भरने की प्रक्रिया होनी है। जबलपुर के लिए सौभाग्य की बात ये है कि अब यहां से तीन-तीन सांसद हो जाएंगे। कांग्रेस ने जबलपुर में ही रहने वाले विवेक तन्खा को अपना प्रत्याशी बनाया है।

**मंदसौर में पंचायत सचिव संगठन प्रदेश अध्यक्ष पर ईओडब्ल्यू की कार्रवाई**

## दिनेश शर्मा के पास 2 करोड़ 32 लाख 42 हजार रुपये की चल अचल संपत्ति मिली

**मंदसौर, यशभारत।** उज्जैन के ईओडब्ल्यू एसपी ने टीम के साथ मंगलवार सुबह मध्य प्रदेश पंचायत सचिव संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश शर्मा के यहां छापा मारा। दिनेश शर्मा पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। कार्रवाई के दौरान दिनेश शर्मा की 2 करो? 61 लाख 42 हजार रुपये की चल अचल संपत्ति की जानकारी मिली है। एसपी का कहना है कि दिनेश शर्मा की शासकीय सेवा और कृषि से कुल आय 38 लाख रुपये होना चाहिए। इस लिहाज से 2 करोड़ 32 लाख 42 हजार रुपये की संपत्ति आय से अधिक मानी गई है। उज्जैन आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ( ईओडब्ल्यू) के एसपी ने बताया कि मंगलवार को दिनेशचंद्र पुत्र रामचंद्र शर्मा निवासी गुराड़िया लालमुहा के निवास और अन्य जगहों पर छापामार कार्रवाई की। घर पर और अन्य स्थानों पर कारवाई के दौरान लगभग दो करोड़ 61 लाख 42 हजार रुपये की कुल संपति का खुलासा हुआ है। जबकि शासकीय सेवा और कृषि से दिनेश शर्मा की कुल आय 38 लाख रुपये होना चाहिए। अब मामले में आगे कार्रवाई की जाएगी।

## गलवान के नायक शहीद दीपक सिंह की पत्नी बनेंगी लेफ्टिनेंट



**मप्र के रीवा की हैं रेखा सिंह**

**नई दिल्ली,एजेंसी।** मध्य प्रदेश के रीवा की रहने वाली 23 वर्षीय रेखा सिंह ने अपने पति की शहादत के बाद उनके ही पद चिन्हों पर चलने का फैसला करते हुए सेना में भर्ती होने की ठान ली थी। नायक दीपक सिंह देश के उन 20 जांबाज सेनानियों में शामिल थे, जिन्होंने देश की आन बान शान के लिए गलवान घाटी में अपनी कुर्बानी दी थी। शहादत से पहले इन जांबाजों ने दुश्मन की सेना के दांत खट्टे कर दिए थे। 1962 की जंग के बाद चीन के साथ गलवान घाटी में हुए पहले बड़े सीमा संघर्ष में उसकी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी को भी भारी नुकसान उठाना पड़ा था।

रेखा सिंह फिलहाल चेन्नई स्थित आफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी में प्रशिक्षण ले रही हैं। इसी साल फरवरी में उन्होंने सर्विसेस सिलेक्शन बोर्ड के साक्षात्कार में कामयाबी हासिल कर ली थी। नायक दीपक सिंह बिहार रेजीमेंट की 16 वीं बटालियन के नायक थे। उन्हें मरणोपरांत वीर चक्र प्रदान किया गया था। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने नवंबर 2021 में रेखा सिंह को यह सम्मान प्रदान किया था। वीर चक्र सेना का तीसरा बड़ा सम्मान है। सर्वोच्च सैन्य सम्मान परम वीर चक्र तो दूसरा सम्मान महावीर चक्र कहलाता है।

**शॉर्ट सर्विस कमीशन के तौर पर सेवाएं देंगी**

रेखा सिंह सेना में शॉर्ट सर्विस कमीशन पर सेवाएं देंगी। इसके पहले ओटीए में उनका नौ माह तक प्रशिक्षण चलेगा। सेना में अब महिला अधिकारियों को अब स्थाई कमीशन की भी इजाजत मिल चुकी है। शहीद सैन्य अधिकारियों की पत्नियों में सेना में भर्ती का रुझान बढ़ रहा है। रेखा सिंह इस कड़ी को और आगे बढ़ाएंगी।

**15 जून 2020 को हुआ था गलवान संघर्ष**

15 जून 2020 को पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में भारत और चीन के बीच सैन्य संघर्ष हुआ था। इसके पहले एक मई 2020 को दोनों देशों के सैनिकों के बीच पैंगोंग त्सो झील के उत्तरी तट पर झड़प हुई थी। गलवान संघर्ष में भारत के 20 जवान शहीद हुए थे, वहीं, चीन ने यह नहीं बताया था कि उसके कितने सैनिकों की मौत हुई। हालांकि, इसके बाद फरवरी 2021 में चीन ने गलवान घाटी झड़प में मरने वाले अपने चार सैनिकों को मरणोपरांत मेडल देने की घोषणा की।



### राजस्थान-उत्तराखंड-जम्मू में बारिश का अलर्ट

## धीरे-धीरे सक्रिय हो रहा मानसून

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण-पश्चिम मानसून अपने सामान्य निर्धारित समय एक जून से तीन दिन पहले ही बीते रविवार को केरल पहुंच गया। अब मानसून के केरल के शेष हिस्सों, तमिलनाडु के कुछ और इलाकों, कर्नाटक, बंगाल की खाड़ी और पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ हिस्सों में अगले तीन से चार दिनों में आगे बढ़ने के लिए स्थितियां अनुकूल हैं। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, तटीय कर्नाटक, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और माहे में अलग-अलग स्थानों पर सोमवार को आंधी-तूफान का असर रहा। मौसम विभाग का कहना है कि इस बार देश में मानसून अच्छा रहने का अनुमान है। अच्छी बारिश हो सकती है। इससे पावर डिमांड पर दबाव भी कम होगा। यह किसानों के लिए राहत की खबर है। वहीं, इस साल कृषि मंत्रालय ने रिकॉर्ड 314.51 मिलियन टन अनाज के उत्पादन का पूर्वानुमान जारी किया है। ज्यादा तीव्रता वाली बारिश की घटनाएं भी बढ़ सकती हैं।राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार शाम को 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार के साथ आंधी-तूफान आया, जिससे पेड़ उखड़ गए, संपत्ति को नुकसान पहुंचा और सड़कों पर जाम लग गया। मौसम विज्ञान विभाग के अधिकारी ने कहा कि यह दिल्ली में 2018 के बाद से गंभीर तीव्रता का पहला तूफान है। आंधी-तूफान से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गयी।

## कुमार विश्वास का तंज 'बौना' और 'चिंटू' के जरिए कसा तंज

**नई दिल्ली,एजेंसी ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन को मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तार कर लिया है। सत्येंद्र जैन की गिरफ्तारी के बाद जहां



सियासी विवाद छिड़ गया है, वहीं ख्यात कवि और आम आदमी पार्टी के पूर्व नेता कुमार विश्वास ने ट्वीट कर सत्येंद्र जैन, अरविंद केजरीवाल पर करारा निशाना साधा है। कुमार विश्वास ने ट्वीट कर कहा है कि यह केस जब पहली बार आया था तो मैंने भरी PAC में सत्येंद्र जैन से जवाब मांग था। बौने ने उसे सपत्नीक मेरे सामने रोने-धोने के लिए बिठाया। मैंने कहा निजी संबंध अपनी जगह पर इसका जवाब दो, तो आजकल पंजाब का वसूली-प्रमुख बना नया चिंटू कागज फैलाकर बोला सर मैं CA हूं, कोई गड़बड़ नहीं है ।

**बरेली में बड़ा हादसा**

## एंबुलेंस और डीसीएम की टक्कर में 7 की मौत

बरेली,एजेंसी। । बरेली में मंगलवार की सुबह-सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। वहां एंबुलेंस और डीसीएम की जोरदार टक्कर हुई है। इस दुर्घटना में 7 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। सीएम योगी ने दुर्घटना में लोगों की मौत पर दुख जताया है। अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए सीएम ने अधिकारियों से मृतकों के परिवारीजनों की पूरी मदद करने और घायलों का समुचित इलाज कराने को कहा है। मरने वालों में 3 महिलाएं और 4 पुरुष शामिल हैं। फतेहगंज के दिल्ली हाइवे पर यह दुर्घटना हुई है। मरने वाले सभी लोग एंबुलेंस में सवार थे। सूचना मिलते ही पुलिस और राहत दल मौके पर पहुंच गया है। पुलिस ने शवों को मोर्चरी भेज दिया है। मरने वालों की शिनाख्त की कोशिश की जा रही है।

**आर्यन ड्रग्स केस**

## समीर वानखेड़े पर गिरी गाज, चेन्नई भेजे गए

**मुंबई,एजेंसी।** NCB के पूर्व जोनल डायरेक्टर समीर वानखंड़े का सोमवार को तबादला कर दिया गया। बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान से जुड़े क्रूज ड्रग्स केस से चर्चा में आए थे। उन्हें DRI से चेन्नई छ्रत्र टैक्स पेयर सर्विस निदेशालय भेजा गया है। NCB चार्जशीट में आर्यन खान को क्लीन चिट मिल गई है। इसके बाद से ही जांच अधिकारी समीर वानखेड़े के खिलाफ कड़ा एक्शन लेने की बात कही जा रही थी। सूत्रों के मुताबिक सरकार ने वानखेड़े के खिलाफ उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।

### IRCTC ने 2 रुपए कम रिफंड दिया था

## 5 साल बाद 2.43 करोड़ रुपए चुकाने पड़े

**कोटा,एजेंसी।** 2 रुपए के रिफंड के चक्कर में द्धत्रष्टञ्जष्ट को 2.43 करोड़ रुपए चुकाने होंगे। इंजीनियर और क्रञ्जढ्ढ कार्यकर्ता ने मात्र 2 रुपए के रिफंड के लिए लंबी लड़ाई लड़ी। इसका फायदा उनके साथ द्धत्रष्टञ्जष्ट के 2.98 लाख यूजर्स को हुआ। मामला कोटा से जुड़ा है। कोटा के सुजीत स्वामी पिछले 5 साल से टिकट के रिफंड में कम मिले 2 रुपए के लिए लड़ाई लड़ रहे थे। 30 साल के सुजीत ने बताया कि अप्रैल 2017 में उन्होंने 2 जुलाई को यात्रा करने के लिए स्वर्ण मंदिर मेल में कोटा से नई दिल्ली के लिए टिकट बुक किया था। वेटिंग होने के कारण वो यात्रा नहीं कर पाए। उन्होंने 765 रुपए की कीमत वाला टिकट कैंसिल करवा दिया था। कैंसिल करवाने पर उन्हें 665 रुपए का रिफंड मिला। सुजीत का कहना है कि रेलवे ने 65 के बजाय 100 रुपए की कटौती करके उनसे सेवा कर के रूप में 35 रुपए की अतिरिक्त राशि वसूल की। सुजीत ने जुलाई 2017 में मामले को लेकर क्रञ्जढ्ढ लगाकर सूचना मांगी। जिसके तहत और कितने उपभोक्ता हैं, जिनके सेवा कर के रूप में 35 रुपए की कटौती की गई। इसके जवाब में चौंकाने वाली जानकारी सामने आई। रेलवे द्वारा दी गई जानकारी में सामने आया कि करीब 2 लाख 98 हजार उपभोक्ताओं से प्रति यात्री 35 रुपए सेवाकर के रूप लिए गए। 30 मई को सुजीत के अकाउंट में रेलवे द्वारा 2 रुपए का रिफंड आया।

सुजीत ने रेलवे मंत्री, पीएम को लेटर लिखा और सभी उपभोक्ताओं का पैसा रिफंड करने की मांग की। मई 2019 को सुजीत के बैंक अकाउंट में द्धत्रष्टञ्जष्ट द्वारा 33 रुपए डाल दिए गए। सुजीत इससे खुश नहीं हुए। उनका मानना था कि द्धत्रष्टञ्जष्ट ने उनके 35 रुपए सेवाकर के रूप में काटे थे। वापस 35 के बजाय 33 रुपए ही लौटाए। सुजीत ने 2 रुपए रिफंड पाने के लिए फिर से संघर्ष शुरू किया। सुजीत ने जुलाई 2019 में फिर से एक ओर आरटीआई लगाकर खुद के 2 रुपए के साथ-साथ सभी उपभोक्ताओं को रिफंड लौटने की मांग की। सुजीत हर दो महीने में आरटीआई के माध्यम से रिफंड की स्थिति की जानकारी लेते थे। सुजीत का यह मामला रेलवे मंत्रालय के वित्त आयुक्त और सचिव भारत सरकार ,रेलवे बोर्ड के डिप्टी डायरेक्टर पैसेंजर मार्केटिंग, आईआरसीटीसी, मिनिस्ट्री ऑफ फाइनेंस (रेवेन्यू) डिपार्टमेंट के सचिव और जीएसटी काउंसिल तक पहुंचा। सुजीत ने पीएम नरेंद्र मोदी, मंत्री अनुराग ठाकुर, निर्मला सीतारमण, रेल मंत्री को कटाक्ष करते हुए ट्वीट किए। हाल ही में 27 मई को सुजीत के पास द्धत्रष्टञ्जष्ट के अधिकारी का फोन आया। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं के रिफंड रेलवे बोर्ड द्वारा अप्रूव होने की जानकारी दी। साथ ही सुजीत के बैंक अकाउंट की जानकारी मांगी। 30 मई को सुजीत के अकाउंट में रेलवे द्वारा 2 रुपए का रिफंड आया। जिसके बाद सुजीत ने पांच साल चले संघर्ष पूरा होने के बाद धन्यवाद कहने के लिए 535 रुपए पीएम केयर फंड में ट्रांसफर किए।



## दो दिन आसमान में होगी आतिशबाजी, 1000 उल्कापिंडों की होगी बारिश

**नई दिल्ली,एजेंसी।** अंतरिक्ष इतना बड़ा है कि इसके बारे में जितना भी जानो वह कम ही रहता है. दुनिया भर की कई एजेंसियां इस अंतरिक्ष की पहेली को सुलझाने में लगी रहती हैं. अब एक बार फिर नासा ने यह दावा किया है कि 30 और 31 मई की रात में आसमान में ऐसी आतिशबाजी होने वाली है, जैसी पिछले 20 साल से नहीं हुई. ये आतिशबाजी एक धूमकेतू यानी कॉमेट के कारण होने वाली है.। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने यह जानकारी दी है कि 30 और 31 मई को ञ्जड्ड ।द्गह्म्ड्डद्बस्रह्य उल्कापिंडों की बारिश हमारे ग्रह यानी पृथ्वी पर होने वाली है. नासा ने बताया कि पिछले 20 साल बाद पहली बार आकाशीय उल्कापिंडों की इतनी चमकदार आतिशबाजी देखने को मिल सकती है.यह उल्कापिंडों की बारिश आसमान में एक धूमकेतू के कारण होने वाली है. इस धूमकेतू का नाम स्ङ्ख-3 है. ये बर्फ और धूल से बना ऑब्जेक्ट है. यह आमतौर पर सूरज के चक्कर लगाता है. ऐसे में जब भी इस तरह का कोई धूमकेतु धरती की कक्षा के बेहद करीब आता है तो हमारी गुरुत्वाकर्षण की शक्ति उसके छोटे-छोटे टुकड़े हमारी पृथ्वी की तरह आने लगते हैं. लेकिन ये टुकड़े धरती के वातावरण में आते हैं तो घर्षण के कारण जलने लगते हैं और इससे आकाश में तेज चमक दिखाई देती है.

# बड़े ही प्रभावशाली होते हैं कुम्भ राशि वाले लोग

प्रत्येक सप्ताह की तरह है इस सप्ताह है जीवन ज्योतिष में आज बात कर रहे हैं कुंभ राशि की। इस राशि के माध्यम से इस राशि से जुड़े लोगों को प्रत्यक्ष यह जानकारी दी जाएगी कि आने वाला वर्ष कैसा होगा।

यश भारत जीवन ज्योतिष

वीडियो देखने के लिए यश भारत फेसबुक पर जाएं
प्रति सोमवार प्रातः 10 बजे

### कैसे पड़ा कुम्भ राशि का नाम

ज्योतिष मनोहर वर्मा ने आने वाले समय की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि प्रत्येक सप्ताह की तरह है इस सप्ताह है आज हम बात करेंगे 11 वे नंबर की राशि कुंभ की आकाश में 300 से 330 डिग्री तक इस राशि का निवास होता है इस राशि में यह दर्शाया जाता है कि जैसे कोई मनुष्य अपने कंधे पर घड़ा लिए पानी डाल रहा है दर्शाए गए घड़े को कुंभ कहते हैं इसलिए इस राशि को कुंभ राशि कहा जाता है साथ ही हमारे कार्य के मार्ग को भी इस राशि द्वारा बताया जाता है कि हमें किस दिशा में कार्य करना है

### कुंभ राशि कैसे करती है काम

कुंभ राशि द्वारा यह पता लगाया जाता है कि लोगों को कैसे काम करना है एवं अपने विचारों में परिवर्तन कर काम करने का रास्ता खोजना है रास्तों में आने वाली विपत्ति और बाधाओं में भी सहायता प्रदान होती है क्योंकि यह एक स्थिर राशि है साथ ही बताया गया है की कुम्हार द्वारा बनाए गए मिट्टी के घरों को देखते हैं तो उन घरों में भी कुंभ राशि का वास होता है



यशभारत के लोकप्रिय कार्यक्रम जीवन ज्योतिष में ज्योतिषाचार्य मनोहर वर्मा से विशेष चर्चा

### कैसे होते है इस राशि के लोग

अधिकांश तौर पर हम देखते हैं कि इस राशि के लोग लंबाई में ऊंचे कद के होते हैं जिनका मस्त तेज गति से कार्य करता है एवं यह लोग बड़े ही प्रभावशाली होते हैं काम की गति तेज होती है जिससे इनको कार्यों के दौरान शुभ परिणाम में मिलते हैं विद्यार्थियों के लिए भी परीक्षा के दौरान यह राशि अपने आप में अलग ही महत्व रखती है जो नए-नए सकारात्मक विचारों को जन्म देने में भी सहायक होती है

### निर्णयात्मक पक्ष क्या होगा

इस राशि के लोगों का निर्णय आत्मक पक्षी है की यह लोग वायु तत्वों से जुड़े हुए लोग हैं स्थिर राशि कुंभ के साथ इन लोगों में आक्रोश की भावना तेज होती है लेकिन इसके साथ साथ यह लोग संयमी और काफी मेहनती होते हैं कुंभ राशि के लोगों को गुस्सा बहुत ही जल्द आता है लेकिन कुछ समय के बाद इनका गुस्सा जल्दी ही सामान्य हो जाता है

### कितनी विशेष है कुम्भ राशि

कुंभ राशि अपने आप में एक महत्वपूर्ण राशि है इस राशि में यह अनुमान लगाया जा सकता है कि हम अपने जीवन में कितना अर्जित कर पाएंगे अर्जित करने वाली वस्तु कोई भी हो सकती है जैसे धन दौलत मान सम्मान यह सकारात्मक विचार जो भी प्राप्त होता है उस प्राप्ति को यह राशि एक आधार निर्धारित करती है पाप पुण्य में जो भी हम अर्जित करते हैं वह सब इस राशि में समाहित हो जाते हैं जिसके आधार पर आगे हमारे कार्य निर्धारित होते हैं।

# 7 दिनों में बने 1 करोड़ 79 लाख 52 हजार 7 सौ पार्थिव शिवलिंग

### प्राण प्रतिष्ठा महा महोत्सव कार्यक्रम का समापन



## महामंडलेश्वर अनंत कनकेश्वरी माता का आगमन

**कटनी।** 132वे सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण कार्यक्रम में महामंडलेश्वर अनंत श्री कनकेश्वरी माता जी एवं विधायक इंदौर रमेश मेंदोला का अनुष्ठान कार्यक्रम में तपोभूमि घनश्याम बाग धाम आगमन हुआ। उन्होंने यज्ञशाला में हवन किया एवं कार्यक्रम के समापन दिवस पर उनका आगमन हुआ। अपने आशीर्वचन व्यक्त करते हुए मां ने कहा कि गृहस्थ संत की परंपरा हुआ करती है। दद्दा जी को महाकुंभ प्रयागराज में ग्रहस्थ संत की उपाधि प्रदान की गई थी। गृहस्थ संत का कौन हकदार है, प्रश्न करने पर संतों के लक्षणों को बताते हुए सरल, सुशील, दयाल भाव, दयाल भाव से बड़े भैया को देखकर आपने भरे धर्ममंच से डॉ अनिल शास्त्री को गृहस्थ संत घोषित करते हुए अपने निज आश्रम गुजरात में यही अनुष्ठान करने का आग्रह किया। बड़े भैया डॉ. अनिल शास्त्री ने कहा कि हर पुत्र का कर्तव्य है कि मां की आज्ञा का पालन करे। सारे विराजमान धर्म प्रेमियों की अभिमति लेकर मां के यहां यह कार्य करने को पूर्ण भरोसा दिया। मां भी प्रसन्न होकर आशीष देकर भोजनोप्रान्त अपने आश्रम की ओर प्रस्थान कर गई। डॉ अनिल शास्त्री ने कार्यक्रम के समापन के अवसर पर पहुंची मां कनकेश्वरी देवी, इंदौर विधायक रमेश मेंदोला, कार्यक्रम में आए समस्त जनप्रतिनिधियों, पठार क्षेत्र के समस्त क्षेत्रवासियों, सहित दद्दा शिष्य परिवार भारत वर्ष तथा साथ ही जिला प्रशासन के अधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, सफाई कर्मचारियों, जल विभाग एवं पत्रकार बंधुओं का आभार व्यक्त किया।




## स्लीमनाबाद तथा बहोरीबंद में आंधी तूफान से बड़ा नुकसान

**कटनी।** स्लीमनाबाद व बहोरीबंद क्षेत्र में रविवार दोपहर आंधी ने कोहराम मचा दिया। कई स्थानों पर पेड़ गिर गए और मकान धराशायी हो गए। बिजली तारों पर पेड़ गिरने से आधा सैकड़ा से अधिक गांवों में बिजली सप्लाई भी लंबे समय तक बाधित रही। पिपरिया सहलावन क्षेत्र में रविवार दोपहर आए आंधी के बीच अचानक मौसम बदल गया। क्षेत्र के भटगवां, खिरवा और भनपुरा खुर्द के अतिरिक्त मोहल्ला निवासी कई ग्रामीणों के मकानों की टीनशेड उड़ गए और मकान धाराशायी हो गए। भटगवां निवासी रतनकाछी, आशाराम यादव के मकान का छप्पर उड़कर नीचे आ गिरा। गृहस्थी का पूरा सामान भीग गया। अनिल काछी की आंगन में रखी मोटर साइकिल के ऊपर ठाठ गिरने से वह क्षतिग्रस्त हो गई। इसी तरह ग्राम के ही कैलाश लोधी, देवी सिंह, रमनसिंह, फूलचंद यादव, बल्लू यादव, रामप्रसाद काछी, भूरा यादव, कमलेश यादव, भगवानदास यादव, राममिलन यादव सहित अन्य लोगों के मकानों में भी नुकसान पहुंचा। भटगवां के इमलहाटोला मोहल्ला में दो पेड़ और खिरवा तिराहे में एक पेड़ सड़क पर गिर गया। भटगवां में बिजली का तार टूटने से घंटों बिजली सप्लाई बंद रही।

# धूमधाम से मना निर्यापक मुनि वीर सागर महाराज का अवतरण दिवस

### जैन बोर्डिंग में आयोजन, दिग बर जैन सोशल ग्रुप ने किया मिष्ठान का वितरण





**कटनी** परम पूज्य आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य निर्यापक मुनि श्री 108 वीर सागर जी महाराज के अवतरण दिवस के पावन अवसर पर दिग बर जैन समाज पंचायत समिति के तत्वावधान में थाना तिराहा स्थित जैन बोर्डिंग हाऊस परिसर में मुनि श्री का अवतरण दिवस बड़ी धूमधाम एवं श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में पंचायत महासभा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ आगरा, दिल्ली, हरियाणा से आए श्रद्धालुओं के साथ समाज के अनेक गणमान्य नागरिकों द्वारा मुनि श्री के पूजन के सथ मुनि संघ का नगर में चार्तुमास हो, इस कामना के साथ श्री फल चढ़ाया गया। पावन प्रसंग पर धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री वीरसागर जी महाराज ने कहा कि मां की कोख स जब बालक का जन्म होता है, तब वह मां पर आश्रित होता है। मां संसार के मोह में लिप्त होने का मार्ग बतलाती है, जबकि देचशास्त्र गुरू हमे संसार के मोह माया से हटकर हमे कल्याण का मार्ग बतलाते हैं। महाराज श्री ने कहा कि अनादि काल से जन्म मरण के चक्कर से बचना चाहते हैं तो हमे सच्चे देव शास्त्र गुरू की शरण में जाकर अपना कल्याण करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन पंडित विकास जैन, सहमंत्री, दीपू जैन द्वारा किया गया। निर्यापक मुनि श्री 108 वीर सागर जी महाराज के अवतरण दिवस के पावन अवसर पर दिग बर जैन सोशल ग्रुप रॉयल द्वारा मिष्ठान का वितरण किया गया।

# न तो सड़क बनी ना ही अतिक्रमण हटा



**कटनी।** जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक अतिक्रमण हटाए जाने के संबंध में कई बार कार्रवाई की गई लेकिन आज तक परिणाम नहीं निकल सका है। नतीजा रोजाना जाम लगता है। इसके अलावा घंटाघर में खड़े लोडर वाहन भी रही सही कसर पूरी कर देते हैं। इससे जाम की समस्या से आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यहां न तो सड़क चौड़ी हो पा रही है न नही घंटाघर के पास खड़े लोडर वाहन हट पा रहे हैं। इससे जाम यहां की नियत बन चुका है। जगन्नााथ चौक से घंटाघर के अतिक्रमण हटाए जाने संबंधी कार्रवाई कई बार हुई। सड़क पर चिन्हांकन और नपाई की कार्रवाई की जाती रही है। मामले में नगर निगम ने भी कहा कि अतिक्रमण हटाए जाने के मामले में रोक के संबंध में सभी मामलों को सुलझा लिया गया है। लेकिन अतिक्रमण नहीं हटाया जा सका है। यहां मार्ग के चौड़ीकरण के लिए मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना से दस करोड़ की राशि स्वीकृत की गई थी। स्वीकृति के बाद अब यहां चौक से घंटाघर तक के संकरे मार्ग से निजात मिलने को लेकर संशय की स्थिति है। पूरे शहर में शहर में पार्किंग की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। मुख्य शहर की बसाहट काफी घनी है। मौजूदा समय में शहर के मुख्य बाजार में पुराने व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की जगह नए व बड़े व्यवसायिक कॉप्लेक्स बनकर तैयार हो चुके हैं या तैयार हो रहे हैं। इनमें से ज्यादार भवनों के निर्माण में पार्किंग व्यवस्था को नजर अंदाज किया गया है। इससे परिवहन व्यवस्था पूरी तरह से बेतरतीब बनी हुई है।

## खुले में रखी है इतनी धान

- 2019-20 की 2 लाख 79 हजार हजार क्विंटल धान मझगवां फाटक में भंडारित है, जो हो रही खराब। इसीतरह अन्य स्थानों की बात करें तो

-13 हजार क्विंटल मझगवां बड़वारा में भंडारित है, इसका टेंडर प्रक्रिया होना बाकी समय पर टेंडर न होने से नहीं हो पा रही मिलिंग।

2020-21 टिकरिया ओपन कैप में 80 हजार क्विंटल भंडारित है, उठाव चल रहा है, इसका भी समय पर नहीं हुआ मिलिंग का काम।

-2020-21 मझगवां (बड़वारा) 12 हजार क्विंटल पड़ी है जिसका उठाव धीमी रफ्तार रहा है, जिसका समय पर मिलिंग न होने से बारिश में खराब हो रही है।

# बर्बाद हो रही भंडारित की गई धान


### मौसम खराब होने से खुले में पड़ी धान को लेकर जिम्मेदार अनजान

कटनी। कटनी जिले में भंडार कर रखी गई धान के फिर से बर्बाद होने की खबर सामने आई है। करीब एक सप्ताह से अधिक समय से मौसम खराब है। तेज बारिश हो रही है। ओपन कैपों में भंडारित विपणन विभाग व मप्र स्टेट वेयर हाउस विभाग की भंडारित धान बारिश में भीगकर खराब हो रही है। अन्नदाता की मेहनत को को लापरवाही के चलते बर्बाद किया जा रहा है और जिम्मेदार विभाग अनजान बने हुए हैं। जानकारी के अनुसार बहोरीबंद, मझगवां, रीठी, बडग़ांव, बरही, मोहास ओपन कैप में धान भंडारित है, जिसकी सुरक्षा में बड़ी चूक की जा रही है। ओपन कैपों में भंडारित धान को बारिश से बचाने के लिए तिरपाल आदि से सुरक्षित कराना है, लेकिन उसे नहीं कराया जा रहा है, जिससे धान बारिश में सड़ रही है। कई जगह तो धान में अंकुरण तक आ गया है। टिकरिया में भंडारित 50 करोड़ रुपए से अधिक की धान भंडारित है, जिसमें से काफी मात्रा खराब हुई है। इसमें आज तक विपणन विभाग पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मप्र स्टेट वेयर हाउस प्रबंधन द्वारा भी सुरक्षा में बेपरवाही बरती जा रही है। बता दें कि बारिश के कारण तीन स्थानों पर अधिक मात्रा में धान खराब हो रही है। बहोरीबंद ओपन कैप, मझगवां ओपन कैप (बड़वारा) और रीठी ओपन कैप में अधिक मात्रा में धान खराब हुई है। लगातार बारिश में भी धान भीग रही है। हर माह लाखों रुपए खर्चने के बाद भी उपज सुरक्षित नहीं है। कृषकों ने कहा कि किसान मेहनत कर उपज तैयार करते हैं, लेकिन शासन उसकी सुरक्षा नहीं कर पा रहे हैं।



पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 5 शो ता. 28 से
1, 4, 7, 9 एवं रात्रि 10 बजे से





भूलभुलैया-2
कलाकार- कार्तिक आर्यन, कियारा आडवानी, तब्बू, राजपाल यादव आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 28 से
सुबह 10, 12.30 एवं 6 बजे से





TOP GUN 2D
(हिंदी में)
कलाकार- टॉम क्रूस, एंथनी एडवर्डस, टॉम स्केरिट, वेल किल्मर आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 2 शो ता. 28 से
10.30 एवं दोपहर 3 बजे से




अनेक
कलाकार- आयुष्मान खुराना, जे.डी. चक्रवर्ती, मनोज पहवा, कुमुद मिश्रा आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

नीरज सिनेप्लेक्स में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 27 से
12,3 एवं सायं 6 बजे से



देहाती डिस्को
कलाकार- गणेश आचार्य, रवि किशन, मनोज जोशी, रेमो डिसूजा आदि।
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-221823 मो. 7240871207

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, मंगलवार, 31 मई 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# अब पार्षद उम्मीदवारों को भी देना होगा चुनाव खर्च का हिसाब

## चुनाव आयोग ने निकाय चुनाव के लिए किया व्यय लेखा का प्रावधान

**कटनी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ ही राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय चुनाव की भी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। आयोग द्वारा निकाय चुनाव को लेकर हर दिन नए-नए निर्देश जारी किए जा रहे हैं। अब निर्वाचन आयोग द्वारा महापौर, नगर पालिका एवं नगर परिषद अध्यक्ष के साथ ही पार्षद पद के उम्मीदवारों के लिए चुनाव खर्च का हिसाब देने का प्रावधान किया गया है। चुनाव खर्च की जानकारी नगरीय निकायों की जनसंख्या के अनुसार देने के निर्देश दिए गए हैं।

गौरतलब है कि अभी तक महापौर, नगर पालिका एवं नगर परिषद अध्यक्ष को ही चुनाव खर्च का हिसाब देना होता था लेकिन आगामी समय में होने जा रहे नगरीय निकाय चुनाव के लिए पार्षद पद के प्रत्याशियों को भी चुनाव खर्च की जानकारी देने के निर्देश जारी किए गए हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के



### अभी तक केवल महापौर, नगर पालिका एवं नगर परिषद अध्यक्षों के लिए लागू था नियम

आयुक्त बसंत प्रताप सिंह ने जानकारी दी है कि नगरीय निकाय निर्वाचन में पहली बार पार्षद पदों के निर्वाचन व्यय लेखा का प्रावधान किया गया है। इसके पहले महापौर एवं अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों के व्यय लेखा का संधारण किया जाता था। रिटर्निंग आफीसर कार्यालय में निर्वाचन व्यय लेखा संधारण पर्यवेक्षण के लिए हेल्प डेस्क स्थापित करने के निर्देश भी दिये गए हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राकेश सिंह ने जानकारी दी है कि पार्षद पदों के निर्वाचन व्यय की अधिकतम सीमा, नगर पालिक निगम में जनगणना 2011 के अनुसार 10 लाख से अधिक जनसंख्या पर 8 लाख 75 हजार और 10 लाख से कम जनसंख्या पर 3 लाख 75 हजार होगी। इसी तरह नगर पालिका परिषदों में 1 लाख से अधिक जनसंख्या पर 2 लाख 50 हजार, 50 हजार से एक लाख तक की जनसंख्या पर एक लाख 50 हजार और 50 हजार से कम जनसंख्या पर पार्षदों के निर्वाचन व्यय की अधिक व्यय सीमा एक लाख रूपये होगी। नगर परिषदों के लिए अधिकतम व्यय सीमा 75 हजार रूपये होगी। इसी तरह 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगर पालिक निगमों में 35 लाख और 10 लाख से कम जनसंख्या वाले नगर पालिक निगमों में महापौर पद के अभ्यार्थियों के निर्वाचन व्यय की अधिकतम सीमा 15 लाख रूपये निर्धारित की गई है।

## बिजली बिल बकाया नहीं होने का देना होगा अदेय प्रमाण पत्र

**कटनी।** राज्य स्तरीय पंचायत निर्वाचन के तहत जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच और पंच पद के अभ्यर्थियों को नाम निर्देशन-पत्र के साथ बिजली बिल बकाया नहीं होने और जिला तथा जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत में बकाया नहीं होने के संबंध में अदेय प्रमाण-पत्र देना होगा। आरक्षित वर्ग का सदस्य होने की दशा में मध्यप्रदेश शासन के सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र भी देना होगा। यह जानकारी संवीक्षा की नियत तारीख एवं समय के पहले देना जरूरी है। अभ्यर्थियों को आपराधिक रिकार्ड, आपत्तियों, दायित्वों और शैक्षणिक योग्यता के संबंध में भी शपथ पत्र, घोषणा पत्र देना होगा। जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य और सरपंच पद के अभ्यर्थियों को शपथ पत्र में स्वयं, पति-पत्नी और आश्रितों की आयकर विवरणी में दर्शित कुल आय, चल अचल संपत्ति का विवरण, सार्वजनिक एवं वित्तीय संस्थाओं और सरकार के प्रति देनदारियों का ब्यौरा देना होगा। अभ्यर्थी को पंचायत तथा किसी शासकीय भूमि पर अतिक्रमण और शौचालय के संबंध में भी शपथ-पत्र देना होगा।

# पहले दिन जिला एवं जनपद सदस्य के एक भी नामांकन जमा नहीं

### बहोरीबंद में सरपंच पद के लिए जमा हुआ एकमात्र नाम निर्देशन पत्र




**कटनी।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंचायत आम निर्वाचन की अधिसूचना 30 मई को जारी कर नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया जिले में प्रारंभ कर दी गई। जिला पंचायत, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच व पंच के पदों के लिए तीनों चरणों के नाम निर्देशन की प्रक्रिया जिला, विकासखंड व कलस्टर स्तर पर सोमवार से प्रारंभ हुई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंक मिश्रा के निर्देशन में जिला पंचायत सदस्य पद के नाम निर्देशन जमा करने सहायक रिटर्निंग अधिकारी व अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो और तहसीलदार नजूल क्षमा सराफ की उपस्थिति में नामांकन फार्म जमा कराने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई, हालांकि पहले दिन किसी भी अभ्यर्थी ने जिला पंचायत सदस्य पद के लिए नामांकन जमा नहीं कराया। वहीं जनपद पंचायत स्तर पर जनपद सदस्यों के नामांकन की प्रक्रिया रिटर्निंग अधिकारी व सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की उपस्थिति में प्रारंभ की गई। जनपद सदस्य पद के लिए भी पहले दिन किसी अभ्यर्थी ने नाम निर्देशन जमा नहीं किया। उपजिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते ने बताया कि जिले का एकमात्र सरपंच पद के लिए नामांकन बहोरीबंद जनपद पंचायत में जमा किया गया, जबकि पूरे जिले में पंच पद के कोई भी नाम निर्देशन जमा नहीं हुए।

### वोटर स्लिप जिला निर्वाचन कार्यालयों को उपलब्ध कराने के निर्देश

सचिव राज्य निर्वाचन आयोग राकेश सिंह ने प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रानिक्स विकास निगम को निर्देशित किया है कि वोटर स्लिप का एक सेट शीघ्र ही जिला निर्वाचन कार्यालयों को उपलब्ध करवायें। वोटर स्लिप का वितरण मतदाताओं को किया जायेगाए इससे उनको मतदान में सुविधा होगी।



# विजयराघवगढ़ जनपद में शुरू हुई नामांकन की प्रक्रिया

**विजयराघवगढ़।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2022 को लेकर 30 मई को सूचना जारी होने के साथ ही जनपद क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में ग्राम पंचायतों में भी निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार 30 मई से निर्वाचन की सूचना का प्रसारण होने के बाद जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत कार्यालयों में नाम निर्देशन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई, जो 6 जून तक नाम निर्देशन के आवेदन निर्धारित स्थलों पर जमा किए जा सकेंगे। शासन के निर्देशन में पंचायत आम निर्वाचन में सरपंच व पंच पद के लिए नाम निर्देशन प्राप्त करने के लिए क्लस्टर स्तर पर ग्राम पंचायत हर्रया में नाम निर्देशन के आवेदन फार्म की प्रक्रिया प्रारंभ कर अधिकारियों द्वारा कार्य जारी कर दिया गया है।

## सभा, रैली, जुलूस एवं वाहन की स्वीकृति के लिये अधिकारी तैनात

**कटनी।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा स्थानीय निर्वाचन के लिये आदर्श आचरण संहिता लागू की गइ्र है। निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ हो जाने के दौरान विभिन्न चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों द्वारा चुनाव प्रचार करने के लिये आम सभाए रैलीए जुलूस एवं वाहन की स्वीकृति प्रदान करने के लिये संबंधित क्षेत्र के एसडीओ राजस्व, पुलिस विभाग से अभिमत प्राप्त करने के उपरांत ही समय सीमा में प्रदान करने के लिये अधिकृत किये गये हैं। इसके साथ ही विभिन्न चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों द्वारा हैलीकॉप्टर के उतारने व प्रस्थान करने के लिये प्राप्त आवेदन व जानकारी के संबंध में स्थल निरीक्षण कर लोक निर्माण विभाग से आक्षांश एवं देशांस की जानकारी प्राप्त कर अभिमत सहित अनुमति प्रदान करने प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिये निर्देशित किया गया है।



# 28 घंटे बाद हुए बिजली के दर्शन

### बूंद-बूंद पानी के लिए तरसे उमरियापान के नागरिक

**उमरियापान, यशभारत। उमरियापान सहित पूरे क्षेत्रवासियों को 28 घंटे बाद बिजली के दर्शन होते ही लोगों में सरकार और विद्युत विभाग के खिलाफ भारी आक्रोश देखने को मिला। जानकारी के अनुसार रविवार की शाम 4 बजे से बारिश के साथ हवाएं चलते ही बिजली बंद हो गई थी। हैरानी वाली बात यह है कि बारिश तो 2 घंटे तक हुई थी, जिसमें 1 घंटे लगातार तो एक घंटे रुक रुक कर हुई थी और शाम 6 बजे पूरी तरह से रुक गई थी।**

3-4 घंटे तक बिजली बंद रहते ही नगरवासियों के सब्र का बांध टूटने लगा था और अपने अपने स्तर से विद्युत विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों से बिजली चालू होने की जानकारी लेते रहे। विद्युत विभाग से एक ही जवाब मिल रहा था की कई जगह तारें टूट गई हैं। बिजली कब तक चालू होगी कोई पक्का नहीं है। बिजली आने की आस में बैठे लोगों की आंखें पथरा गईं लेकिन पूरी रात नहीं आई। अधिकतर व्यापारियों के रात 10-11 बजे तक इन्वर्टर ठप्प हो गए तो बचे कुचे लोगों के सोमवार की सुबह 11-12 बजे तक ठप्प हो गए तो वहीं आम जनता के मोबाइल भी बंद हो गए लेकिन बिजली के दर्शन नहीं हुए। क्षेत्र की जनता का जिम्मेदारों से एक ही सवाल है कि सरकार कांग्रेस की होती या भाजपा की, यदि क्षेत्र में सोमवार को सुबह 11-12 बजे से सीएम का या जिले के प्रभारी मंत्री का कोई कार्यक्रम होता तो क्या विद्युत विभाग इसी तरह हाथ पर हाथ रखे बैठा रहता। लोगों का कहना है कि ऐसा कभी नहीं होता। क्षेत्र में किसी नेता का कार्यक्रम होता तो पूरे जिले का विद्युत अमला सड़क पर उतर जाता और रात को ही विद्युत आपूर्ति बहाल कर देता लेकिन क्षेत्र की आम जनता मरे या जिये इससे विद्युत विभाग को कोई सरोकार नहीं है न ही अन्य जिम्मेदारों को भी कोई लेना देना है। जबकि सोमवार की सुबह से ही नगरवासी बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे थेए इन्वेंटरए मोबाइल तक ठप्प हो गए थे। कुल मिलाकर 30 घंटे तक पूरे क्षेत्रवासियों का जीवन बुरी तरह से अस्त व्यस्त हो गया था सब कुछ बेपटरी हो गया था।

**विद्युत वितरण कंपनी की मनमानी, अंधेरे में कटी पूरी रात**

### मेंटिनेंस के नाम पर हर साल होता है करोड़ों का घोटाला

जानकारों का कहना है की पूरे प्रदेश में हर वर्ष बारिश के दस्तक देने से पहले विद्युत विभाग मेंटिनेंस करता जिससे आम जनता को बारिश के दौरान विद्युत आपूर्ति प्रभावित न हो बल्कि सुचारू रूप से मिलती रहे। लेकिन मेंटिनेंस के नाम पर करोड़ों रुपए का खर्चा दर्शाकर भारी भ्रष्टाचार किया जाता है और सरकारें विद्युत विभाग द्वारा दर्शाए खर्चे को आंख मूंद कर भरोसा कर लेती हैं। जबकि बारिश शुरू होते ही विद्युत आपूर्ति का हर वर्ष का यही रोना रहता है की बिजली बंद हुई है तो कब तक आएगी कोई भरोसा नहीं रहता है। इतना ही नहीं बीते महीनों से पूरे क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था बद से बदतर है। प्रतिदिन 24 घंटे में पचासों बार ट्रापिंग करना आम बात है। साथ ही प्रतिदिन 24 घंटे में कभी आधे घंटे तो कभी 1 से 2 घंटे तक बिजली बंद करके 6 से 8 घंटे तक बिजली बंद रहना बड़ी समस्या बन गई है। नगवासियों का कहना है हर माह बिजली पर्याप्त भले न मिले लेकिन हर माह 440 वोल्ट का करंट मरता हुआ बिजली का बिल जरूर आएगा।

### यहां बिजली बंद तो वहां अधिकारी का मोबाइल नेटवर्क के बाहर

उमरियापान सहित पूरे क्षेत्र में पिछले लगातार 28 घंटे तक बिजली बंद रहने के संबंध में जूनियर इंजीनियर श्री चंद्रा से संपर्क करने का कई बार प्रयास किया गया, लेकिन उनका मोबाइल कवरेज एरिया के बाहर बता रहा था।

## सरकारी विज्ञापनों का नहीं होगा प्रकाशन

**कटनी।** पंचायत आम निर्वाचन की घोषणा 27 मई को की गई है। निर्वाचन की घोषणा के साथ ही संबंधित ग्रामीण क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है, जो 15 जुलाई को मतगणना तक प्रभावशील रहेगी। राज्य निर्वाचन आयोग ने 15 जुलाई तक संबंधित पंचायतों में पढ़े जाने वाले समाचार पत्रों, संस्करणों, इलेक्ट्रानिक मीडिया में शासकीय विज्ञापन के प्रकाशन व प्रसारण पर रोक लगाई है।

## पंचायत चुनाव के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना

**कटनी।** पंचायत निर्वाचन में सुचारू रूप से सूचनाओं का आदान प्रदान करने के लिए कलेक्टर के निर्देश पर जिला स्तर पर कोविड-19 सेंटर कक्ष में निर्वाचन के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। कंट्रोल रूम 24 घंटे और सातों दिन कार्य करेगा। कंट्रोल रूम में कार्य के लिए अधिकारी, कर्मचारियों की तैनाती की गई है। कंट्रोल रूम के लेंडलाइन नंबर 07622-220070 में निर्वाचन संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकेगी।



## ठेकेदार ने मुरम डालकर काम किया बंद, जनता परेशान

### 4 माह से काम बंद, बारिश में हो रही परेशानी

**उमरियापान, यशभारत।** उमरियापान के समीप घुघरा गांव से टोपी गांव तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ठेकेदार को सड़क का निर्माण कार्य करना था लेकिन 4 माह से काम बंद है। बारिश शुरू होने के कारण ग्रामवासियों को आवा गमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ठेकेदार ने सड़क का निर्माण कार्य शुरू तो किया लेकिन सिर्फ मुरम डालकर काम बंद कर दिया है। मुरम पड़ने से सड़क में पानी भर जाने के कारण फिसलन होने से राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे हैं। विभागीय अधिकारियों को अवगत कराए जाने के बाद भी जिम्मेदारों को जनता की परेशानी से मनो कोई लेना देना ही न हो, लग तो ऐसा कुछ ही रहा है।

## विश्राम गृह व रेस्ट हाउस आवंटन के संबंध में निर्देश

**कटनी।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत आम निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित किया गया है, जिसके फलस्वरुप 27 मई से आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई है। आदर्श आचरण संहिता लागू रहने तक किसी भी राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों, प्रतिनिधियों, व्यक्तियों को विश्राम गृह, रेस्ट हाउस आवंटित नहीं किया जायेगा। इस संबंध में अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो ने जिला सत्कार अधिकारी सहित जिले के समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारी व मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड कटनी के कार्यपालन यंत्री को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किये हैं। साथ ही कहा गया है कि किसी भी राजनैतिक दल द्वारा विश्राम गृह रेस्ट हाउस की मांग की जाती है, तो उसे शासन द्वारा निर्धारित शुल्क जमा करने के उपरांत अनुमति प्रदान की जाये।

# बहोरीबंद अतिशय क्षेत्र में भगवान शांतिनाथ का महामस्तकाभिषेक

### चमत्कारोंदय तीर्थ क्षेत्र में बनने वाले विशाल मंदिर का निर्माण कार्य शुरू

**कटनी।** बहोरीबंद स्थित श्री 1008 शांतिनाथ दिगम्बर जैन चमत्कारोंदय तीर्थ क्षेत्र में गत दिवस भगवान शांतिनाथ जी का महामस्तकाभिषेक निर्वाण लाडू चढ़ाने का परम सौभाग्य उत्तमचंद जैन, अनुराग जैन, अनुज जैन, सुभाषचंद जैन, शुभम जैन, प्रेमचंद जैन प्रेमी परिवार, महेन्द्र कुमार, अभिषेक जैन, मिठ्ठूलाल जैन, शरद जैन, मंजू जैन, गौरव जैन, श्रीमति राजकुमारी जैन, दिनेश जैन, श्रीमति चंद्रप्रभा सुभाष जैन, एडवोकेट आलोक जैन, अजय अहिंसा, श्रीमति कुसुम जैन परिवार को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर बहोरीबद, बाकल, कटनी, जबलपुर, बचैया, मझौली, सिहोरा, खितौला, स्लीमनाबाद से आए धर्मानुरागी बन्धुओं द्वारा समारोह में भाग लेकर पुण्य लाभ प्राप्त किया गया। अतिशय क्षेत्र चमत्कारोंदय तीर्थ क्षेत्र में बनने वाले विशाल मंदिर जी का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। कार्यक्रम का संचालन मनोज जैन, प्रमोद जैन कक्का द्वारा किया गया।





# लो वोल्टेज, तो कहीं बंद पड़े ट्रांसफार्मर

### विद्युत समस्याओं को लेकर आम आदमी पार्टी ने सौंपा ज्ञापन

**कटनी।** आम आदमी पार्टी ने जिलाध्यक्ष सुनील मिश्रा के निर्देशन में मध्यप्रदेश विद्युत मंडल जिला विद्युत अभियंता को 8 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन पत्र सौंपा। जिसमे कहा गया है कि पूर्व में भी कईयों बार पत्राचार से, शिकायत नंबर 1912 एवं व्यक्तिगत मोबाइल पर निरंतर शिकायत करने के बाद भी विद्युत मंडल कुंभकर्णी नींद से नहीं जाग रहा है। संपूर्ण जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की बिजली व्यवस्था चरमराई हुई है। कहीं लो वोल्टेज तो कही बंद पड़े ट्रांसफार्मर तो कहीं खुली टूटी बिजली तारों की समस्या तो कही बढ़े हुए बिजली के बिल की समस्या तो कही टी सी कनेक्शन के नाम पर खुली लूट। ऐसी अनेकों शिकायतों से उपभोक्ता परेशान है। उनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही। अधिकारी फोन नहीं उठा रहे। 1912 में सिर्फ समय की बरबादी कोई निराकरण नहीं होता। ऐसे भीषण संकट में आम आदमी पार्टी ने अंतिम चेतावनी देते हुए ज्ञापन पत्र सौंपा गया साथ ही समस्या निदान न होने पर आप कटनी ने चेतावनी भी दी है की जल्द से जल्द अगर मांगे पूरी नही होती है तो आम आदमी पार्टी जल्द उग्र आंदोलन प्रदर्शन करेगी। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अफरोज अहमद, दीपक आजाद, आशीष तिवारी, रंजीत मौर्य पिंटू, सुदामा इडनानी, मंगल कोल, श्री सावंता, श्री सुहाने सहित दर्जनों साथी उपस्थित रहे।

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच 3000 प्रतिव्यक्ति, 22 बाई 50 का हॉल सर्विस वालों एवं ऑफिस, बैंक, कार्यालय गोदाम के लिए
पता-बीजेपी कार्यालय के सामने, जबलपुर रोड बरगवां, कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340

एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग
प्रवेश प्रारंभ Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902 प्रवेश प्रारंभ
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

From 27th May 2022
CINEWORLDZ CINEMA KATNI
Mittal MALL
Tuesday Offer 99/99/200
Paytm
book my show




10:30 AM 1:00 PM 3:00 PM 4:00 PM 6:45 PM 9:30 PM
10:30 AM 1:30 PM 3:45 PM 8:00 PM 6:30 PM 9:15 PM 10:30 PM
12:30 PM 5:45 PM
TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P. Contact No. 9993123830



# सीईओ ने बड़वारा व विजयराघवगढ़ के ग्रामों का किया निरीक्षण

**कटनी।** रविवार को सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे ने जिले की बड़वारा और विजयराघवगढ़ विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। साथ ही ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्यायें सुनी तथा समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित विभागीय अमले को दिये। अपने निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री गोमे जनपद बड़वारा क्षेत्र के ग्राम बंदरी में बहेड़ी कला तालाबए छिंदहाई पिपरियाए सलैया सिहोरा में चल रहे अमृत सरोवरों के निर्माण कार्य का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान श्री गोमे ने समय सीमा में कार्य पूरा करने सहित अन्य आवश्यक दिशा.निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। इसके साथ ही जिला पंचायत सीईओ श्री गोमे ने जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम बरहटाए बंजारी सहित अन्य ग्रामों में निर्माणाधीन अमृत सरोवर का भी निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया।

# क्षत्रिय समाज 2 जून को निकालेगा शौर्य यात्रा

**कटनी।** अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज की बैठक में आगामी 2 जून को कटनी में राजपूत समाज के द्वारा निकलने वाली शौर्य यात्रा के सन्बन्ध में व्यापक विचार विमर्श हुआ। बताया गया है, कि आगामी 2 जून को महाराणा प्रताप और महाराज छत्रपाल जी की जयन्ती को अविस्मरणीय बनाने हेतु राजपूत समाज कटनी में एक विशाल और भव्य शौर्य यात्रा निकालने जा रहा हैएजिसमें राजपूत करणी सेना से लेकर सम्पूर्ण रायल राजपूत समाज और अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज सहित राजपूतों के हित संरक्षण हेतु कार्यरत सभी स्वजातीय संगठन एक साथ एक ही बैनर तले नजर आयेंगे।अनुमान लगाया जा रहा है कि उस दिन संपूर्ण जिलेभर से लगभग 3 से 4 हजार राजपूतों के एकत्र होने की संभावना है। आज संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय सभा के विजय सिंह बघेल ने किया। निकलने वाली शौर्य यात्रा की तैयारी के संबंध में उन्होंने बताया कि कटनी जिले में वीर पुरषों के सम्मान में निकलने वाली गौरवमयी यात्रा शाम 3:30 बजे से जुहला बायपास से प्रारंभ होकर खिरहनी ओवरब्रिज होते हुये घंटाघर मार्ग से चांडक चौराहा होते हुये मिशिन चौक, सागर पुलिया, भट्टामुहल्ला, रंगनाथ मंदिर, साउथ स्टेशन से होते हुये आर्डनैंस फेक्ट्री स्थित राम मंदिर तक बड़े धूमधाम से निकाली जायेगी। राममंदिर में यात्राके समापन उपरांत सूक्ष्म आभार कार्यक्रम के तुरन्त बाद वहाँ सभी स्वजातीय लोगों के खाने पीने का समुचित इंतजाम रखा गया है। बैठक में प्रांताध्यक्ष करुणानिधान सिंह चौहान द्वारा जिले की कार्यकारणी से पदोन्नति पाकर प्रदेश कार्यकारणी में स्थान बनाने वाले सक्रिय पदाधिकारीयों को नियुक्ति पत्र देकर उनका सम्मान बढ़ाया गया। बैठक में साथ ही सुगमा रहवासी स्वर्गीय मृत्युंजय सिंह सोलंकी के आकस्मिक निधन पर उपस्थित सदस्यों द्वारा शोक व्यक्त करते हुये उन्हें भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की गयी। इस अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रांतीय अध्यक्ष करुणा निधान सिंह चौहान के अलावा, जिलाअध्यक्ष विजय सिंह बघेल, प्रवक्ता कुंवर मार्तण्ड सिंह राजपूत, संरक्षक अभिलाष सिंह गौतम, प्रांतीय संयुक्त सचिव जगदीश सिंह भदौरिया, प्रांतीय सचिव अरुणेन्द्रसिंह बघेल, उपाध्यक्षअजीत सिंह परिहार, उमेश सिंह राठौड़, उदयपाल सिंह, एवम योगेश सिंह परिहार सहित राजपूत समाज के अनेकों अनेक प्रतिनिधिगणों की गणमान्य उपस्थिति रही।



# नालंदा विद्यालय में समर कैंप का समापन

**कटनी।** नालंदा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, 21-सिविल लाईन कटनी में विगत एक माह से चल रहे समर कैंप का आज समापन समारोह आयोजित किया गया। समर कैंप में लगभग 70 छात्र-छात्राओं ने डांस, स्केटिंग, स्केचिंग, ड्राइंग एवं ताइक्वांडो जैसी विधाओं का प्रशिक्षण प्राप्त किया। नगर के श्रेष्ठ प्रशिक्षको जय उदासी, राखी तिवारी, टिंकल निशा ने सभी छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण प्रदान किया। समापन समारोह में छात्र-छात्राओं ने अपने अभिभावकों की उपस्थिति में अपने हुनर का प्रदर्शन किया। इस दौरान विद्यालय प्राचार्या श्रीमति भारती निगम ने सभी प्रतिभागियो को प्रमाण पत्र वितरित किये। प्राचार्या ने सभी छात्र-छात्राओं, अभिभावकों को उनके द्वारा दिये गये सहयोग के लिये हार्दिक धन्यवाद प्रेषित किया हैं।

# नियमों को ताक पर रखकर की गई थी पोसि्ंटग, डीपीसी ने किया रिलीव

**राज्य कर्मचारी संघ के दबाव में हुई कार्यवाही, अब वित्तीय अनियमितताओं की जांच की मांग**

कटनी। रीठी तहसील में नियम विरुद्ध पदस्थापना और सीनियर की अवहेलना कर जूनियर को प्रभार दिए जाने की शिकायत पर जिला शिक्षा केंद्र ने कार्यवाही करते हुए शासकीय माध्यमिक शाला बड़गांव में पदस्थ जनशिक्षक विपिन तिवारी को कार्यमुक्त करते हुए मूल शाला नैगवां में वापस संलग्न करने का आदेश जारी किया है। डीपीसी के के डेहरिया द्वारा 20 मई को जारी किए गए आदेश का पालन करते हुए बड़गांव संकुल के प्राचार्य जन शिक्षा केन्द्र प्रभारी अनूप सिंह ने जनशिक्षक विपिन तिवारी को भारमुक्त कर दिया। यह कार्यवाही राज्य कर्मचारी संघ जिला इकाई कटनी द्वारा जिला प्रशासन को सौंपे गए ज्ञापन के बाद की गई है। संघ ने इसके लिए प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है एवं मांग की है कि अपात्र व्यक्ति की पोसि्ंटग के दौरान वित्तीय अनियमितता की निष्पक्ष जांच कराई जाए एवं सीनियर प्राचार्य के होते हुए जूनियर की पदस्थापना आदेश को भी निरस्त किया जाए। गौरतलब है कि रीठी तहसील में पिछले कुछ दिनों से नियमों को ताक पर रखकर कर्मचारियों की पोसि्ंटग किये जाने का खेल चल रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों के संरक्षण में खुलेआम मातत कर्मचारी नियमों की अवहेलना कर रहे थे। ऐसा ही एक मामला जन शिक्षा केंद्र बड़गांव के अंतर्गत सामने आया था, जहां संकुल प्राचार्य द्वारा वरिष्ठ कार्यालय की अनुमति के बिना नियमों की अनदेखी करते हुए एक अपात्र व्यक्ति को न केवल जनशिक्षक बनाया गया बल्कि उसे वित्तीय प्रभार भी दिया गया। इस तरह के कई मामले सामने आने के बाद भी वरिष्ठ अधिकारी मूकदर्शक बने हुए थे। नियमों की अनदेखी एवं सीनियर कर्मचारियों की उपेक्षा का मुद्दा राज्य कर्मचारी संघ ने पिछले दिनों उठाते हुए कलेक्टर से शिकायत की थी। अपर कलेक्टर ने ज्ञापन लेते हुए पूरे मामले की जांच और कार्रवाई का आश्वासन दिया था। संघ के दबाव में विगत दिवस डीपीसी द्वारा जारी किए आदेश के बाद जनशिक्षक विपिन तिवारी को बड़गांव से अपदस्थ करते हुए मूल शाला में पदस्थ किया गया है। इस कार्यवाही के लिए राज्य कर्मचारी संघ ने आभार व्यक्त करते हुए प्रशासन से वित्तीय अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

# जैन मिलन व महिला जैन मिलन शाखा ने किया जरूरतमंदों को भोजन का वितरण





**कटनी।** जैन धर्म के सोलहवें तीर्थंकर शांति प्रदाता 1008 श्री शांतिनाथ भगवान के जन्म, तप एवं मोक्ष त्रैकल्याणक दिवस के शुभ अवसर पर जैन मिलन एवं महिला जैन मिलन शाखा द्वारा गत दिवस को स्नेह भोज वितरण का आयोजन मेन रोड पर किया गया। जैन मिलन शाखा कटनी के अध्यक्ष वीर शरत जैन ने बताया कि कटनी में विराजमान निर्यापक श्रमण मुनिश्री वीरसागरजी महाराज ससंघ के आशीर्वाद एवं प्रेरणा से यह आयोजन शाम 4 बजे से 6 बजे तक के लिए रखा गया। सर्वप्रथम 1008 श्री शांतिनाथ भगवान की फोटो के समक्ष दीप प्रज्वलन भारतीय जैन मिलन के क्षेत्रीय संयोजक अतिवीर राकेश जैन, वरिष्ठ सदस्य वीर पवन जैन एवं मगन जैन पूर्व मंत्री दिग. जैन पंचा. कटनी द्वारा किया गया।

इस आयोजन में जैन मिलन कार्यकारिणी के वीर राजकुमार हल्दीराम उपाध्यक्ष, संचित उपाध्यक्ष, मनीष बर्तन, उपाध्यक्ष, अंकुर गिफ्ट सेन्टर सचिव राहुल बर्तन सहसचिव आकेत कोषाध्यक्ष, वैभव रानू सांस्कृतिक प्रभारी, संजय टीटी सह संयोजक राजेश विनम्र प्रचार प्रसार मंत्री, वीरांगना निशा हल्दीराम उपाध्यक्ष, रोशनी उपाध्यक्षद्धए निकिता ऑडिटर, स्वाति पारस सांस्कृतिक प्रभारी पल्लवी, सह प्रभारी रंजना, धार्मिक प्रभारी एवं अन्य सदस्यगण राजेश सिंघई स्टेशनरी, मोनल, संजय चिंटू, नीलेश चंदू, विभोर, श्रवण, सचिन, अनूप जैन, प्रिया, शिवानी जैन आदि ने अपनी सहभागिता प्रदान की एवं सभी लोगों को भगवान शांतिनाथ जी के त्रैकल्याणक दिवस की शुभकामनाएं दी।

# मूलभूत दक्षताओं पर होगा फोकस

**प्रेरणा से कम स्व प्रेरणा से होंगे आशातीत बदलाव**

**कटनी।** जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान कटनी द्वारा बुनियादी दक्षताओं को सुदृढ़ करने हेतु मिशन अंकुर के अंतर्गत आयोजित विकासखंड स्तरीय एफएलएन प्रशिक्षण की मॉनिटरिंग लगातार की जा रही है। इसी क्रम में डाइट व्याख्याता राजेंद्र असाटी एवं एनके श्रीवास्तव द्वारा रीठी, बहोरीबंद और ढीमरखेड़ा, कटनी, विजयराघवगढ़ एवं बड़वारा में आयोजित प्रशिक्षण का अवलोकन किया गया। प्रतिभागी शिक्षकों से उनकी सीख और शालाओं में क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई। शिक्षकों द्वारा बताया गया कि ग्रीष्मावकाश के बाद स्कूल खुलने पर कम बच्चे स्कूल आते हैं जिससे शुरुआती स्कूल रेडिनेस पर असर पड़ता है। इसको लेकर शिक्षकों द्वारा स्कूल खुलने के तीन दिन पूर्व से पालकों से संपर्क कर उन्हें जागरूक किया जायेगा ताकि स्कूल खुलते ही सभी बच्चे शालाओं में उपस्थिति दें और लर्निंग गैप न बढ़े। शिक्षकों से उनके द्वारा इस वर्ष पढ़ी गई



किताबों पर चर्चा की गई। अधिकांश शिक्षक कोर्स की किताबों के अलावा अन्य किताबें नहीं पढ़ रहे हैं जिस पर चिंता व्यक्त की गई। बच्चों के साथ साथ शिक्षकों को भी किताबें पढ़ने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर गणित का एक सवाल भी बोर्ड पर लिखकर शिक्षकों से करने को कहा गया और अन्य शिक्षकों को अवलोकन के मौके दिए गए। निष्कर्ष यह निकला कि कुछ शिक्षक जिस प्रक्रिया से कांसेप्ट समझाते हैंए वह उन्हें भी स्पष्ट नहीं होता अतः पढ़ाने के पूर्व एक बेहतर समझ के साथ पाठ्योजना बनाई जाना आवश्यक है। डाइट व्याख्याता द्वारा विभिन्न समूहों में बैठकर शिक्षकों द्वारा की जा रही गतिविधियों में सहभागिता कर आवश्यक सुझाव दिए गए एवं जीवन मूल्य ईमानदारी को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

# तीन पीढ़ियों की मेहनत का नतीजा भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल: हितानंद शर्मा

**प्रदेश संगठन महामंत्री का कटनी के कार्यकर्ताओं को मिला मार्गदर्शन**

**कटनी।** भारतीय जनता पार्टी का आज परम् वैभव हमारे तीन पीढ़ियों की मेहनत का नतीजा है। ये उद्गार भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा के संगठन महामंत्री हितानन्द शर्मा ने जिले के पदाधिकारियों मोर्चा प्रकोष्ठ प्रमुख तथा मण्डल अध्यक्षगणों को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। मार्गदर्शन के पूर्व जिला भाजपा कार्यालय पहुंचने पर जिलाध्यक्ष ने समस्त कार्यकर्ताओं की ओर से संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने कहा कि पार्टी के कमल पुष्प अर्थात उन वरिष्ठ जनों की मेहनत का प्रतिफल है कि आज देश में हमारी सरकार है अधिकांश राज्यों में भाजपा सत्ता से समाजसेवा में जुटी है। उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले कार्यकर्ता अंगुलियों पर गिने जाते थे आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी जिसके इतने कार्यकर्ता है जिनकी गिनती नहीं की जा सकती यह हमारे कार्यकर्ता के संकल्प का प्रतिफल तथा हमारी तीन पीढ़ियों का त्याग है। हमारे मार्गदर्शक जिन्हें आज हम कमलपुष्प के रूप में सम्मान कर गौरवांवित हैं ऐसे कार्यकर्ताओं की पार्टी के लिए सेवा अनुकरणीय है।

श्री शर्मा ने कहा कि केंद्र और राज्य की



सैकड़ों योजनाओं से देश प्रदेश का हर वर्ग लाभान्वित है। ऐसे हितग्राहियों से अपनत्व से मिलना जनता की सेवाए उनके संकट के समाधान आदि कार्य हमारे कार्यकर्ता के व्यवहार में शामिल हैं, बीते कोरोना काल मे यह कार्यकर्ताओं ने दिखा भी दिया। देश और प्रदेश में सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास किसी ने जीता है तो वह भारतीय जनता पार्टी है। हमारे कार्यकर्ता उर्जावानए संकल्पित तथा सेवा भावी हैं लिहाजा किसी भी तरह के चुनाव के लिए हम तैयार रहते हैं क्योंकि हमारे पास मेहनत के साथ उपलब्धि तथा कुशल नेतृत्व का मार्गदर्शन है।

प्रदेश संगठन महामंत्री ने समस्त उपस्थित पदाधिकारी कार्यकर्ताओं से परिचय प्राप्त किया तथा बेहद आत्मीयता से मिले। इस अवसर पर मंचासीन प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष, मुड़वारा क्षेत्र के विधायक संदीप जायसवाल, पूर्व विधायक अलका जैन, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष पीतांबर टोपनानी उपस्थित थे। संचालन करते हुए जिला उपाध्यक्ष सुनील उपाध्याय ने आगामी दिनों में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के प्रवास से सम्बंधित आवश्यक जानकारी दी। आभार प्रगट करते हुए जिला उपाध्यक्ष मृदुल द्विवेदी ने सभी उपस्थित जनों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# कचरा उठाव के साथ-साथ दिया जा रहा स्वच्छता का संदेश







**दो शिफ्टों में चल रहा सफाई अभियान**

**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी द्वारा रोजाना दो शिफ्ट में नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखी जाकर नगर के विभिन्न कचरे के प्वाइंटों की सफाई एवं डोर टू डोर गीले एवं सूखे कचरे का अलग अलग संग्रहण कर जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों में स्वच्छता का संदेश प्रसारित किया जा रहा है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम के स्वच्छता मित्रों द्वारा विगत रात्रि एवं शनिवार प्रातः नगर के मुख्य मार्गो सहित अन्य मार्गो व्यवसायिक एवं रहवासी स्थलों, डिवाइडर, बस स्टैंड परिसर, जालपा देवी वार्ड सामुदायिक भवन आदि की सफाई का कार्य कराया जाकर नगर को साफएवं स्वच्छ रखने के प्रयास किये गए। वर्षा पूर्व नगर के बडे एवं छोटे नाले नालियों की सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए आज प्रातः पन्ना मोड पेट्रोल पंप के पीछे रिलायन्स टावर के पास की नालियों की सफाई सहित मुख्य मार्ग के पानी की निकासी का कार्य कराया गया। बिरसा मुंडा वार्ड स्थित चोक नालियों की सफाई, जालपा देवी वार्ड स्थित प्यासी गली एवं पाठक गली गौतम मोहल्ला एवं राष्ट्रीय स्कूल के पास की नाल, महात्मा गांधी वार्ड के विभिन्न गलियों, जगमोहन दास वार्ड एल.आई.सी आफिस के पीछे, आचार्य विनोबा भावे वार्ड मुक्तिघाम के मार्ग के आगे के कच्चे नाले, पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड छोटी खिरहनी आदिवासी बस्ती, महाकौशल गली, गुरूनानक वार्ड स्थित गोल बाजार, शिवाजी वार्ड के मुख्य मार्ग, कावस जी वार्ड स्थित जोगनी माता मंदिर के पास से डायर कंपनी होते हुए पांडेय मोहल्ला दुर्गा मंदिर तक नाले की सफाई, केविन के पास, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड स्थित आदिवासी बस्ती, विवेकानंद वार्ड स्थित इमामबाडा बस्ती की नालियों माधव नगर उत्कृष्ट स्कूल के पास, बाबा नारायण शाह वार्ड के विभिन्न स्थलों सहित नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के नाले एवं नालियों की सफाई का कार्य कराया गया।


## कार्यालय नगरपालिक निगम, कटनी (म.प्र.)

क्रं./1338/लो.नि.वि./निर्माण/2022 — **निविदा आमंत्रण सूचना** — कटनी, दिनांक 27-05-2022

नगर पालिक निगम कटनी द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग व्यवस्था के अंतर्गत ऑनलाईन निविदायें https://www.mptenders.gov.in पर Key Date and Time अनुसार म.प्र. शासन, लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत प्रणाली के तहत पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदायें नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, भोपाल के रोड एण्ड ब्रिज/भवन आई.एस.एस. आर. 2021 के आधार प्रतिशत दर पर दी जावें। समस्त शर्ते व कार्यो की जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन कार्य दिवस में नगरपालिक निगम, कटनी में एवं पोर्टल https://www.mptenders.gov.in में देखी जा सकती है। किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार आयुक्त, नगरपालिक निगम, कटनी को होगा। नवीन लेखा नियम प्रभावशील रहेगा।

| क्रं. | कार्य का स्थल | प्राक्कलन राशि (रूपए लाख में ) | अमानत राशि (रूपए में) | समय अवधि (वर्षा ऋतु छोड़कर) | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपए में | निविदा आमंत्रण का क्रम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्रं. 28 में फाउन्टेन के अंदर पार्क में पेवर ब्लाक फ्जोरिंग कार्य। | 5.18 | 5018 | 60 दिवस | 2000/- | प्रथम |
| 2 | वार्ड क्रं. 45 में उरमलिया के घर से अवधेश केवट के घर तक कुएं के पास सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 6.88 | 6880 | 90 दिवस | 2000/- | प्रथम |

नोट :- शासन द्वारा जारी आदेशों का पालन करना अनिवार्य होग, जो अनुबंध का एक अंश होगें निविदा में यदि कोई संशोधन होता है तो वेबसाईट पर प्रकाशित किया जावेगा, समाचार पत्रों में नहीं। (1) निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि 30/05/2022 को सायंकाल 5:30 से। (2) निविदा प्रपत्र बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 14/06/2022 को सायंकाल 5:30 बजे तक। (3) बिड खोलने की तिथि 16/06/2022 को दोप.03:00 बजे से।

**कार्यपालन यंत्री वास्ते- आयुक्त नगरपालिक निगम कटनी**



यदि आप तक समय पर

यश भारत

नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

# पूरी तरह सीसीटीवी कैमरों से लैस नहीं हो पाए कटनी के रेलवे स्टेशन

## कॉमर्शियल विभाग की सुरक्षा में बेपरवाही, मामलों की विवेचना में जीआरपी व आरपीएफ को हो रही परेशानी










**कटनी।** कटनी जंक्शन में खड़ी ट्रेन में युवती के साथ गैंगरेप, यात्रियों के साथ लूट व चोरी, मुड़वारा स्टेशन में भी आए दिन हो रहीं घटनाएं, साउथ स्टेशन में चलती ट्रेन में महिला के ऊपर एसिड अटैक, गांजा की तस्करी, हर समय स्टेशन में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा। इन सब पर हमेशा नजर बनाए रखना आरपीएफ और जीआरपी सहित रेलवे के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा नजर बनाए रखना संभव नहीं है। इसको लेकर अब रेलवे द्वारा सुरक्षा को लेकर बड़ी बेपरवाही की जा रही है। कटनी जंक्शन, मुड़वारा स्टेशन सहित साउथ रेलवे स्टेशन में तीसरी आंख का पहरा सख्त होना था। आपको जानकर ताज्जुब होगा कि स्टेशनों को सीसीटीवी कैमरों से लैस करने के लिए रेलवे द्वारा बड़ा प्लान तैयार किया गया था। 2018 में कैमरा लगाने के लिए प्रस्ताव तैयार हुआ था और प्रस्ताव स्वीकृत भी हो गया है। इसके बाद भी रेलवे के कॉमर्शियल विभाग द्वारा इस निर्णय पर काम नहीं किया गया। गौरतलब है कि अभी कटनी में 42 कैमरे व मुड़वारा रेलवे स्टेशन में 9 सीसीटीवी कैमरे लगे हैं जो नाकाफी हैं।

### सभी जगह लगने थे कैमरे

अकेले कटनी जंक्शन में 80 कैमरे लगाने का प्लान तैयार किया गया था। अभी स्टेशन में 40 स्थानों पर कैमरे लगे हैं जो नाकाफी हैं। स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया, बुकिंग काउंटर, टिकट काउंटर, प्रवेश व निकासी द्वार, पूछताछ केंद्र, यात्री प्रतिक्षालय, अलाउंसिंग रूम, सभी प्रकार के वेटिंग रूम, प्लेटफार्मों सहित फुट ओवर ब्रिज व प्लेटफॉर्मों के एंडिंग में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाना बेहद आवश्यक है। इसके अलावा रेलवे अधिकारी व आरपीएफको लगेगा कि यहां से भी कोई अपराधी स्टेशन तक पहुंच सकता है वहां पर कैमरे लगाए जाना था, जिसपर कोई अमल नहीं हुआ।

### बड़ी घटनाओं पर एक नजर

-15 मई 2022 को इंटरसिटी एक्सप्रेस में हुई है 10 लाख रुपये की चोरी नहीं मिल रही कैमरे की मदद।
-दिसंबर 2019 में गांजा तस्करी करते पकड़ाई जा चुकी हैं महिलाएं, बड़ी मात्रा में पकड़ा गया था गांजा।
-2 दिसंबर 2019 को शहडोल का आरक्षक पकड़ाया था साढ़े 43 किलो की गांजा तस्करी करते।
-2019 में ही अंबिकापुर-जबलपुर एक्सप्रेस में महिला पर पति ने किया था एसिड अटैक, कैमरे न होने बड़ी मुश्किल में पकड़ा था आरोपी।
-11 जुलाई 2018 में खड़ी ट्रेन में नाबालिक के साथ हुआ था गैंगरेप, तब भी सुरक्षा में सामने आई थी बड़ी बेपरवाही।

### मुड़वारा और साउथ स्टेशन में सुरक्षा का अभाव

मुड़वारा रेलवे स्टेशन और कटनीसाउथ रेलवे स्टेशन में भी सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने का निर्णय लिया गया था। अकेले मुड़वारा स्टेशन में 30 से अधिक कैमरे लगाए जाने थे। यहां भी बुकिंग काउंटर, प्रतिक्षालय, प्लेटफॉर्म, प्रवेश और निकासी द्वार, मुख्य मार्ग सहित अन्य स्टेशनों पर कैमरे लगने थे। साउथ स्टेशन में भी 10 से अधिक कैमरे लगने थे। इनकी मॉनीटरिंग आरपीएफ को करना था। कंट्रोल रूम आरपीएफ पोस्ट में बनाया जाना था, जिसपर कोई ध्यान नहीं दिया गया।

### आरपीएफ में है कंट्रोलरूम

उल्लेखनीय है कि सीसीटीवी कैमरों का कंट्रोल आरपीएफ थाने से हो रहा है। चोरी की घटनाओं में जांच के लिए जीआरपी को खासा परेशान होना पड़ता है। हाल में इंटरसिटी एक्सप्रेस में हुई चोरी की घटना में जीआरपी को कैमरे की कोई मदद नहीं मिल रही। जहां से यात्री चढ़ा और चोर ने रैकी की वहां पर कैमरा ही नहीं है। जबकि चोरी कटनी जंक्शन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 5 से साउथ रेलवे स्टेशन के बीच हुई है। साफ जाहिर है कि चोर प्लेटफॉर्म पर ही रैकी करते हुए चोरी की है।

### इनका कहना है

कटनी जंक्शन व मुड़वारा रेलवे स्टेशन में सीसीटीवी कैमरे पर्याप्त न होने के कारण समस्या हो रही है। वहीं जीआरपी थाने में कैमरों का कंट्रोल नहीं दिया गया, जिससे और अधिक समस्या होती है।

**बलराम यादव, टीआई जीआरपी।**

कटनी जंक्शन सहित मुड़वारा स्टेशन के लिए कैमरे स्वीकृत हैं। शीघ्र ही कैमरे लगाने की प्रक्रिया पूरी होगी। सीसीटीवी कैमरा में उन सभी स्थानों को कवर किया जाएगा जहां पर यात्रियों की अधिक आवाजाही होती है ताकि किसी भी घटना को नियंत्रित किया जा सके।

**वी.के.शर्मा, स्टेशन प्रबंधक कटनी।**

# कटनी जिला पंचायत अध्यक्ष पद फिर अजा के खाते में

## क्षेत्र क्रं. 2 और क्षेत्र क्रं.9 से चुने जाने वाले किसी एक सदस्य के सर पर सजेगा अध्यक्ष पद का ताज

कटनी। त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों की शेष बची अंतिम प्रक्रिया भी आज राजधानी भोपाल में पूरी कर ली गई। आज प्रदेश के सभी जिलों में जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण होना था, जिसमें कटनी जिला पंचायत अध्यक्ष का पद अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है, इसके पहले वर्ष 2010 में भी जिला पंचायत अध्यक्ष का पद इसी वर्ग की महिला के खाते में जा चुका है तब क्रांति चौधरी जिला पंचायत की अध्यक्ष बनीं थीं। हालांकि इस बार जिला पंचायत अध्यक्ष का पद अनारक्षित होने के कयास लगाए जा रहे थे पर अध्यक्ष का पद एक बार पुनः आरक्षित वर्ग के नाम हो गया है। अनुसूचितजाति के लिए जिला पंचायत के 14 में से 2 सदस्य क्षेत्र आरक्षित हैं जाहिर है कि इन 2 क्षेत्रों में से चुने जाने वाले किसी एक सदस्य के सर जिला पंचायत अध्यक्ष का ताज सजेगा।

उल्लेखनीय है कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के लिए पंच, सरपंच, जनपद सदस्य, जनपद अध्यक्ष और जिला पंचायत सदस्य पदों का आरक्षण पहले ही किया जा चुका था। आज 31 मई को जिला पंचायत अध्यक्ष पद का आरक्षण होना था। आज सम्पन्न कराई गई आरक्षण की इस अंतिम प्रक्रिया में जिला पंचायत कटनी का अध्यक्ष पद अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। अध्यक्ष पद के आरक्षण की घोषणा के बाद से ही अब जिला पंचायत अध्यक्ष पद के दावेदार सक्रिय हो गए हैं। जिला पंचायत के चुनाव दलीय आधार पर नहीं होंगे, फिर भी राजनैतिक दल प्रत्याशियों को अपना समर्थन और सहयोग देकर उनकी जीत सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

### कटनी जिला पंचायत में अब तक रहे अध्यक्ष

| वर्ष | आरक्षण | अध्यक्ष |
|---|---|---|
| 2000 | अनारक्षित | संजय पाठक |
| 2005 | अजजा | जीवन लाल गौटिया |
| 2010 | अजा महिला | क्रांति चौधरी |
| 2015 | ओबीसी महिला | ममता रंगलाल पटेल |
| 2022 | अजा | ............ |

### यातायात दिवस पर पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान



कटनी। आज यातायात दिवस के अवसर पर जिले के हर थाना क्षेत्र में यातायात जागरूकता कार्यक्रम किये गए इसी तारतम्य में यातायात प्रभारी सूबेदार विनोद दुबे द्वारा शहर के कई स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाया गया।

## कारोबारी के साथ ढाई लाख की ठगी,पुलिस से शिकायत,कार्रवाई की मांग




**कटनी।** शहर के एक कारोबारी के साथ हुई लगभग ढाई लाख की ठगी के मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। प्लास्टिक कारोबारी दीपक तीर्थानी के द्वारा इस संबंध में एक शिकायती पत्र पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायत में इंदौर की कंपनी परफेक्ट प्लास्टिक को 15 अप्रैल को एक लाख 80 हजार रुपये देने के अलावा अब तक कंपनी को 2 लाख 31 हजार रूपए का भुगतान सामान भेजने दिया गया लेकिन कंपनी के द्वारा सामान नहीं दिया जा रहा है और न ही रुपये लौटाए जा रहे हैं। पीड़ित कारोबारी ने अपने साथ हुई ठगी की शिकायत पुलिस से करते हुए कंपनी संचालक पर कार्रवाई की मांग की गई है।

## बाइक फिसलने से पंचायत सचिव घायल

### मवेशी को बचाने की कोशिश में खरखरी-अमुआरी रोड पर हुई दुर्घटना

**कटनी।** सड़क पर अचानक मवेशी आ जाने के कारण बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। जिसके कारण बाइक सवार पंचायत सचिव घायल हो गया। घायल को उसके परिजनों ने विजयराघवगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर भर्ती कराया, जहां उसे उपचार सुविधा मुहैया कराई जा रही है। इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार विजयराघवगढ़ जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत खरखरी में पदस्थ सचिव मुकेश कुमार पयासी पिता फूलचंद पयासी सड़क दुर्घटना का शिकार होकर घायल हो गया। सचिव पंचायत के काम निबटा कर शाम को अपने घर वापस लौट रहा था, तभी अमुआरी रोड पर अचानक मवेशी आ जाने के कारण चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और मोटरसायकल बेलगाम होकर फिसल गई। इस घटना में युवक के सिर, चेहरे और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। घायल का उपचार विजयराघवगढ़ सिविल अस्पताल में चल रहा है।

## निवार स्टेशन मिली सफर के दौरान परिजनों से बिछुड़ी किशोरी

### जीआरपी ने किया दस्तयाब

**कटनी।** जीआरपी ने एक लापता किशोरी को दस्तयाब किया है। अनूपपुर जिले के जैतहरी क्षेत्र की एक 17 वर्षीय किशोरी 18 मई से परिवार के साथ सफर के दौरान अचानक लापता हो गई थी। जीआरपी टाई बलराम यादव ने बताया कि परिजनों ने 28 मई को थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। किशोरी के लापता होने पर मामला दर्ज करते हुए तलाश शुरू की गई। किशोरी को निवार स्टेशन के पास से दस्तयाब किया गया है। किशोरी ने पुलिस को बताया कि पारिवारिक कारण से वह साथ छोड़कर चली गई थी। दस्तयाबी में एएसआई एम एम सोलंकी, आरक्षक पशुराम यादव, प्रशांत यादव, आलोक कोरी, अमित उईके, राजेश की भूमिका रही।

## हिरवारा से मोटरसायकल चोरी

**कटनी।** एनकेजे थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हिरवारा से एक मोटरसायकल चोरी का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार शेरू तोमर निवासी रोशन नगर की बाइक क्रमांक एम.पी.21एमपी-3468 कीमती 50 हजार रुपये को किसी अज्ञात बदमाश ने पार कर दिया है। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।


**जमीन बेचना है**

नगर निगम कटनी अंतर्गत झिंझरी (महाराणा प्रताप वार्ड) में स्थित लगभग 60,000 वर्गफुट आवासीय जमीन बेचना है। मल्टी भवन निर्माण हेतु, गोदाम निर्माण या अन्य उपयोग हेतु इच्छुक व्यक्ति जमीन क्रय करने हेतु संपर्क कर सकते हैं।

राजेन्द्र प्रसाद पाठक
मो. नं. 9294612646

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

KINETIC GREEN
**कटनी का एकमात्र विश्वसनीय इलेक्ट्रिक व्हीकल शोरूम**

पेट्रोल की लाईन से छुटकारा पैसे और समय की बचत सालाना इंश्योरेंस से मुक्ति तिमाही इंजन ऑयल एवं अन्य खर्चों से बचत पी.यू.सी. की जरूरत नहीं ध्वनि एवं वायु प्रदूषण में बचाव कीमत भी बजट भी

फायदा ही फायदा
वजन में हल्की होने से सभी आयु वर्ग के लिए उत्तम
ZOOM ELECTRIC
ZING ELECTRIC
Perfomance 100 Km/Charge
Charging Time 3 hours No licence
No registration



अधिकृत विक्रेता
**कार्तिक मोटर्स**
सफर करने की अपनी स्वतंत्रता
संस्कार भारती स्कूल के पास के जालपा मंदिर रोड, कटनी फोन 07622-356550, मो. 9993299677, 9893435177

**PRE. REGISTRATION**
**सांईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल**
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल
नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

**रत्ना गार्डन**
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था



पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
गार्डन मात्र 51000/-

**JOHNSON** Not just tiles, Lifestyles.




सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
**समर्थ** मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

**PRE. REGISTRATION** सांईनाथ स्कूल/कालेज ऑफ नर्सिंग
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318



NOW IN - CITY MALL,GROUND FLOOR, KATNI M.P. 8319868747, 9993205700



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)